# भोपाल का सफाई मॉडल अपनाएगा उत्तराखंड

## महापौर व नगर निगम आयुक्त से मिले उत्तराखंड के जनप्रतिनिधि और अधिकारी

- भोपाल के कचरा प्रबंधन का अवलोकन किया
- निगम आयुक्त ने बताया शहरों को साफ रखने



**भोपाल, 10 दिसंबर. स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में देश में दूसरा स्थान हासिल करने वाले भोपाल नगर निगम का कचरा प्रबंधन सस्टेनेबल मॉडल उत्तराखंड के नगरीय निकाय अपनाएंगे.**

उत्तराखंड के प्रतिनिधि मंडल विभिन्न नवाचारों के अध्ययन के लिए भोपाल प्रवास पर है. प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय में महापौर मालती राय और नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन से भेंट की और भोपाल के कचरा प्रबंधन संबंधी कार्यों का पावर पाइंट प्रेजेंटेशन देखा. उन्होंने कचरा प्रबंधन रिसाइकल हब व कचरा कैफे आदि के संबंध में चर्चा भी की और इनकी कार्यपद्धति को भी समझा. इस दौरान महापौर राय ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया.

वहीं उत्तराखंड प्रतिनिधिमंडल ने भी महापौर व नगर निगम आयुक्त को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया. नगर निगम आयुक्त ने कहा कि कचरे को संसाधन के रूप में रिसाइकल किया जाए और कहीं भी जी.वी.पी. या डम्प साइट न बनने दी जाए. उन्होंने कहा कि बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए निकाय कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों का बेहतर तालमेल व समर्थन तथा जनसहभागिता भी जरूरी है. इस दौरान भोपाल महापौर परिषद सदस्य राजेश हिंगोरानी, आर.के.सिंह बघेल, जगदीश यादव, सुषमा बावीसा मौजूद थे.

प्रतिनिधि मंडल में ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान, हरिद्वार की महापौर किरन, काशीपुर के महापौर दीपक बाली, पोणी नगरपालिका की अध्यक्ष हिमानी नेगी, डीडी हाट के अध्यक्ष गिरीश चुफाल, लोहाघाट के अध्यक्ष गोविंद वर्मा, चंपावल की अध्यक्ष प्रेमा पांडे, तपोवन नगर पंचायत की अध्यक्ष विनिता देवी, रूद्रपुर नगर निगम की आयुक्त शिप्रा जोशी, शहरी विकास निदेशालय के मुख्य प्रशासकीय अधिकारी कालिका प्रसाद, स्वच्छ भारत मिशन के स्टेट मैनेजर मनोज पांडे, प्रभारी अधिशासी अधिकारी भवाली नगर पालिका सुधीर कुमार, देवप्रयाग के अधिशासी अधिकारी राहुल सिंह, केदारनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नीरज कुमार आदि शामिल थे.



# पदोन्नत अफसरों ने सीखा टीम का नेतृत्व करना

## बीएचईएल भोपाल में 'होराइजन कार्यक्रम' का समापन

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 10 दिसंबर. बीएचईएल भोपाल में नव पदोन्नत सहायक अभियंताओं और सहायक अधिकारियों के लिए आयोजित छह दिवसीय होराइजन कार्यक्रम-II का समापन हुआ. इसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक ( मानव संसाधन ) टी.यू. सिंह ने की. जून 2025 में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पदोन्नत अधिकारियों में व्यावसायिक अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने पर केंद्रित था. अपर महाप्रबंधक ( एचआरडी ) सुरेखा बंछोर भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं.**

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सिंह ने अनुशासन को प्रभावी पेशेवर आचरण की आधारशिला बताया. उन्होंने कहा कि अनुशासित कार्य शैली न केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन को बेहतर बनाती है, बल्कि पूरी टीम में जवाबदेही और प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा देती है. उन्होंने क्वालिटी, करप्शन और सेफ्टी के मामलों में शून्य सहिष्णुता अपनाने पर विशेष जोर दिया और इसे किसी भी जिम्मेदार इंजीनियरिंग संगठन के लिए अनिवार्य मानक बताया. सिंह ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक लाभ तभी है, जब प्रतिभागी अपने कार्यक्षेत्र में सीख को व्यवहार में बदलते हुए ठोस सुधार लाएं. कार्यक्रम के अंत में सभी 35 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए. सत्र का संचालन प्रबंधक (एचआरडी) कीर्ति सिंह ने किया और उन्होंने ही आभार व्यक्त किया.

### एक नजर में



#### मंत्री प्रहलाद पटेल से मिले अभिनेता अन्नू कपूर

**भोपाल.** प्रख्यात अभिनेता और विचारक अन्नू कपूर बुधवार को भोपाल प्रवास के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निवास पर सौजन्य भेंट करने पहुंचे. भेंट के दौरान विभिन्न समसामयिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा हुई. मंत्री पटेल ने उनके आगमन पर आभार व्यक्त किया.



#### महापौर ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**भोपाल.** महापौर मालती राय ने बुधवार को वार्ड क्रमांक 50 के अंतर्गत अर्बन प्रधान एन्क्लेव दानापानी रोड पर लगभग 3 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया. भूमिपूजन अवसर पर महापौर परिषद की सदस्या सुषमा बाबीसा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

#### साइंस फेस्टिवल चंडीगढ़ में इम्तियाज अली सम्मानित

**भोपाल.** चंडीगढ़ में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2025 में सार्थक संस्था के संस्थापक इम्तियाज अली को उनके नवाचार एवं प्रभावी कार्यों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत पर्यावरण एवं अपशिष्ट प्रबंधन आधारित मॉडल पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसे उपस्थित वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने सराहा. कार्यक्रम में देशभर से आए प्रतिनिधियों के साथ सार्थक संवाद (इंटरैक्शन) हुआ. चर्चा के दौरान यह सहमति बनी कि इम्तियाज अली द्वारा विकसित मॉडल को प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों में क्रियान्वित करेंगे, ताकि इसका लाभ स्थानीय समुदायों व पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को मिल सके.



# मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज का 52वां जन्मोत्सव मनाया

**भोपाल, 10 दिसंबर. अशोका गार्डन स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को विराजमान मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज का 52 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया.**

प्रात कालीन श्री जी का अभिषेक, शांति धारा के बाद आचार्य गुरुवर विद्यासागर महामुनि राज एवं मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज की संगीतमय पूजन संपन्न हुई. इसके बाद सभी मुनिराजों का पड़गाहन उपरांत आहार चर्या संपन्न हुई. समाज के मीडिया प्रभारी अशोक जैन सारणी ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायत कमेटी ट्रस्ट चौक के ट्रस्टी एवं दिगंबर जैन मंदिर अशोका गार्डन ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन गुड्डू भैया, महिला मंडल अध्यक्षा अमिता जैन, संतोष जैन, महामंत्री शरद जैन अजमेरा सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया.





# नाटक ने हंसाया, सोचने पर मजबूर भी किया

**अंग्रेजी नाटक केक्टस फ्लॉवर का हिंदी में मंचन**

**भोपाल, 10 दिसंबर. 'केक्टस फ्लॉवर' येब बरोस' के प्रसिद्ध अंग्रेजी कॉमेडी नाटक 'केक्टस फ्लॉवर ' पर आधारित है, जिसका हिंदी एडॉप्शन प्रवीण महूवाले ने निधि महूवाले के सहयोग से किया है.**

ये कहानी है एक दिलफेंक इंसान की ,जो आजाद पंछी की तरह स्वच्छंद जीवन जीना चाहता है. मदमस्त भौंरे की तरह कभी इस फूल पर तो कभी उस फूल पर मंडराता रहता है . लेकिन कहते हैं न दिल तो है दिल, दिल का एतबार क्या कीजे. ऐसे दिलफरोशों को कभी-कभी प्यार का खेल महंगा पड़ता है, वे अपने ही बुने जाल में फंस जाते हैं, दूसरी ओर कई ऐसे भी है जिनका जीवन केक्टस के पौधे की तरह है, जो विषम-विपरीत परिस्थितियों में अपने शरीर पर उगे कांटों के साथ डटे रहते हैं, उन्हें इंतजार रहता है अपने संघर्ष भरे जीवन में एक खूबसूरत फूल के खिलने का, दिल के किसी कोने में दबे निश्छल प्रेम के बीज के अंकुरित होने का, प्रेम की यही विडंबना है, हम भटकते रहते हैं उसे खोजने के लिए. इसी भटकाव से उत्पन्न हुआ है ये हास्य नाटक, जो गुदगुदाता है और हमें अपने आसपास बिखरे संबंधों के महत्व पर सोचने को मजबूर भी करता है. प्रेम, प्यार,मोहब्बत, इश्क इसका यही तो मजा है कि हमें चाहने वाला हमारे आसपास ही कहीं मौजूद होता है, लेकिन हमें ही पता नहीं होता.

## शिखा जोशी विचार मंच की राष्ट्रीय प्रभारी बनीं



**भोपाल.** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय मंच नई दिल्ली द्वारा शिखा जोशी को राष्ट्रीय विचार मंच के राष्ट्रीय प्रभारी महिला प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार सरावगी द्वारा की गई है. शिखा को 3 साल के लिए यह नियुक्ति प्रदान की है.

# हस्तशिल्प मेले का समापन

**भोपाल, 10 दिसंबर. गौहर महल में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का बुधवार को समापन हुआ. इस दौरान शहर के कला-प्रेमियों ने पारंपरिक शिल्पकला की समृद्ध विरासत को निकट से देखा.**

मेले में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए 50 चयनित शिल्पकारों ने अपनी उत्कृष्ट और हस्तनिर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई, जिनमें पारंपरिक सौंदर्य और आधुनिकता का समांतर संगम दिखाई दिया. इस मेले का आयोजन विकास आयुक्त हस्तशिल्प एवं वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार तथा आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को मंच प्रदान करना, उनकी कला को बाजार से जोड़ना और हस्तशिल्प की परंपरा को नए आयाम देना रहा.

# गौहर महल में परी बाजार का शुभारंभ आज

## 15 प्रतिभाशाली महिलाएं होंगी सम्मानित

**भोपाल, 10 दिसंबर. नवाबी तहज़ीब और सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात किए गौहर महल कला, साहित्य और संगीत की उजली परिधि से जगमगाने को तैयार है. गुरुवार को चार दिवसीय 'परी बाज़ार' उत्सव के 6वें संस्करण का शुभारंभ होने जा रहा है. सशक्त मध्यप्रदेश की थीम पर आयोजित यह कार्यक्रम स्त्री-शक्ति, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समन्वय का उत्सव है. वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी ( वीस ) की ओर से आयोजित परी बाजार का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी.**

**गीत गजलों की प्रस्तुति से सजेगी शाम**

सम्मान समारोह शाम 5.30 बजे आरंभ होगा. इस दौरान 'अरुषि' संस्था के बच्चे अपनी विशेष प्रस्तुति 'जॉयफुल ऑफ रिद्म' के माध्यम से खुशनुमा ताल व लय की दुनिया रचेंगे. कलाकार मंच पर साहिर लुधियानवी, मजरूह सुल्तानपुरी, शैलेन्द्र और असद भोपाली को समर्पित चुनिंदा गीत-ग़ज़लों की प्रस्तुति देंगे.

**समारोह में इनका होगा सम्मान:** समारोह में शाम को सम्मान और सुरों से जुड़े कार्यक्रम होंगे. इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को दिशा देने वाली 15 विशिष्ट महिलाओं को इस वर्ष के 'अनुवा सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा. समारोह में डॉ. जेवा खान, नीता एस. मनवानी, डॉ. हिना आरिफ, डॉ. मेहर जमील, भारती विश्वनाथन, विनीता डोंडियाल भटनागर, डॉ. लगा अग्रवाल, मालती इंदौरिया, नीलम जीत कौर, डॉ. शलिनी भाटिया बुलचंदानी, सविता रराजे, डॉ. अंबर आबिद, दीपिका नरुला शर्मा, कमलजीत इस्माइल और विवा जोशी को सम्मानित किया जायेगा.

इसके अलावा शामिम अहमद लिट्रेटरी अवॉर्ड इकबाल मसूद, नजीम शमीम स्पोर्ट्स अवॉर्ड ज्योति रात्रे, विक्रमजीत सेठी एन्टरप्रेन्योर अवॉर्ड करण कुकरेजा, मसरूर अनवर मेमोरियल अवॉर्ड सदाफ सोहेल, कुलभूषण दिल्लौरी स्मृति सम्मान मो. साजिद और सुखन-ए-भोपाल अवॉर्ड डॉ. नुसरत मेहंदी और कीर्ति सूद को दिया जाएगा.

# तिलक हाउस चैंपियन, टैगोर रनर अप

- पीएमश्री डेमॉन्स्ट्रेशन मल्टीपरपज़ स्कूल में दो दिनी एथलेटिक मीट

**भोपाल, 10 दिसम्बर. पीएमश्री डेमॉन्स्ट्रेशन मल्टीपरपज़ स्कूल, भोपाल ( आरआईई ) में दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास, स्वस्थ शरीर-मन, अनुशासन और टीम भावना को प्रोत्साहित करना था. उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अर्चना शर्मा, एसडीएम भोपाल उपस्थित रहीं.**




विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रकाश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. जूनियर एवं सीनियर वर्ग के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, रिले रेस, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो सहित अनेक एथलेटिक प्रतियोगिताएं हुईं. मार्चपास्ट में तिलक हाउस प्रथम रहा. तिलक हाउस को चैंपियन तथा टैगोर हाउस को रनर-अप घोषित किया गया. बेस्ट एथलीट का पुरस्कार, सीनियर ग्रुप में जयंत बंसल और अंकिता पाण्डेय, जूनियर ग्रुप में अक्षय रघुवंशी और अनुष्का कुलस्ते को दिया. मुख्य अतिथि प्रो. शिव कुमार गुप्ता ने विजेताओं को पदक प्रदान किए.

**मानवता** | **एम्स अस्पताल प्रशासन ने नागरिकों से की नेत्रदान की अपील**

# एम्स में पिता ने अपने 18 वर्षीय बेटे का कराया नेत्रदान

**भोपाल, 10 दिसंबर. एम्स भोपाल के कॉर्नियल रिट्रीवल कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 18 वर्षीय स्पर्श कंबोज का नेत्रदान उनके पिता प्रवीण कंबोज ने कराया. नेत्र बैंक विभाग और ऑप्थैल्मोलॉजी टीम ने परिवार को काउंसलिंग कर नेत्रदान के लिए प्रेरित किया. कार्यपालक निदेशक प्रो. ( डॉ. ) माधवानंद कर के नेतृत्व में संचालित कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के तहत यह नेत्रदान सफलतापूर्वक पूरा हुआ.**

प्रोफेसर डॉ. भावना शर्मा ने नेत्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और पूरी टीम का धन्यवाद किया. रेड ट्रॉमा एम्बुलेंस टीम और स्टाफ ने समय पर सहयोग देकर नेत्रदान प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कॉर्नियल रिट्रीवल को लेकर प्रोफेसर डॉ. शर्मा ने कहा कि एम्स भोपाल में नेत्रदान को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की आंखों में उजाला लाया जा सके. एम्स भोपाल ने सभी नागरिकों से अपील की है कि नेत्रदान के इस संदेश को आगे पहुंचाएं और अपनी आंखों की रोशनी को किसी और की जिंदगी का उजाला बनाने का संकल्प लें.



## डॉ. सोनल को शोध पर मिला दूसरा पुरस्कार

एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग की तृतीय वर्ष की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. सोनल राजमाने को पिछले दिनों जयपुर में आयोजित 37 वें वार्षिक इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी सम्मेलन (आईएसपीएनकॉन 2025) में ओरल पेपर प्रेजेंटेशन (डीएम/ एमडी थीसिस अवार्ड श्रेणी) में द्वितीय पुरस्कार मिला. उनके शोध में 24 घंटे और 48 घंटे की एम्बुलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग (एबीपीएम) की तुलना की गई, जिसमें 48 घंटे की मॉनिटरिंग को अधिक सटीक पाया गया. यह शोध प्रो. (डॉ.) गिरीश सी. भट्ट के मार्गदर्शन तथा प्रो. (डॉ.) शिखा मलिक, प्रो. (डॉ.) महेश महेश्वरी और डॉ. अम्बर कुमार के मार्गदर्शन में किया गया. शोध में पाया गया कि 48 घंटे की ABPM से गलत-सकारात्मक मामलों में कमी आती है, अधिक स्थिर ब्लड प्रेशर प्रोफाइल मिलता है और प्रारंभिक अंग क्षति की पहचान बेहतर होती है. डॉ. सोनल और डॉ. स्वस्तिका ने राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में भी तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जिससे एम्स भोपाल की शैक्षणिक उपलब्धियों को नई पहचान मिली.





श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी नवभारत चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद मेधावी बच्चों को
फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण
आवेदन करें
मो. 7772991010 इस WhatsApp No.
या नवभारत प्रेस में जमा करें समय 10 से 5 के बीच में
पता- 3 इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग जोन 1 एम.पी. नगर भोपाल